nt>

Title: Problems being faced by the workers due to the sale of the subsidiaries of Manganese Ore India Limited.

प्रो. महादेवराव शिवनकर (चिमूर) : अध्यक्ष महोदय, मैग्नीज़ ओर हमारे देश में अत्यंत महत्व की डिपॉजिट है। विशे रूप से मध्य प्रदेश और महाराट्र में इसके अधिक डिपॉजिट्स हैं। इस पर आधारित बहुत उद्योग होते हैं जिनमें प्रोडक्शन ऑफ स्टील, फेरो मैग्नीज़, इलैक्ट्रोलिटिक मैग्नीज़ डायोक्साइड, ड्राई बैटरी आदि। मैग्नीज़ ओर को नैशनलाइज किया गया था लेकिन उसके आधार पर इस देश में बहुत से छोटे-छोटे उद्योग खड़े हुए हैं। उनमें 1500 करोड़ रुपया बैंकों का है। ऐसी हालत में मैगनीज़ ओर इंडिया लि. ने 9 सितम्बर को इसका टेंडर निकाल कर इसको डिस्पोज आफ करने का जो संकल्प किया है, घोाणा की है, उसके कारण ऐसी परिस्थिति का निर्माण हुआ है। इससे जो छोटे उद्योग हैं, जिनमें 1500 करोड़ रुपए का इंवैस्टमेंट है, वे सारे बंद हो जाएंगे। इसलिए देश में प्रथम बार जो मैगनीज ओर को डिस्पोज आफ करने के लिए टेंडर खोले जा रहे हैं, यह उचित नहीं है। मेरा सरकार से आग्रह है कि टेंडर निकाल कर इसको डिस्पोज आफ करने के स्थान पर मैगनीज ओर छोटे उद्योगों को देने का कट करें। वर्ल्ड में हाईएस्ट प्राइस होने के कारण मल्टी नेशनल कम्पनीज को मैगनीज ओर देने के सम्बन्ध में सरकार 9 सितम्बर को इसे डिस्पोज आफ करने के लिए टेंडर खोलकर देने का निर्णय ले रही है, मेरा सरकार से आग्रह है कि उस निर्णय को रद्द किया जाए और छोटे उद्योगों को बचाया जाए।

MR. SPEAKER: Shri Hemlal Murmu -- Not present.

Shrimati Minati Sen.